# Shanti

# Model Question Bank

# मॉडल प्रश्न संग्रह

## D.El.Ed. Course

Affiliated :-Aryabhatta Knowledge University, Patna, Bihar

T.N.A.C.E. : Email-id :- info@tnabedcollege.com
Website :- www.tnabedcollege.com

B.M.C.E. : Email- id :- info@bmttc.in
Website :- www.bmttc.in

# प्राक्कथन

## भूमिका

प्रस्तुत "शान्ति मॉडल प्रश्न संग्रह" जो मेरी कृत संकल्पित भाव की एक सोच है। जिसे प्रशिक्षुओं के विषयगत हित में प्रेषित करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है।

"होते नहीं आपके सवाल दिलकश
अक्सर हमारे जवाब, लाजवाब होते हैं।"

उपरोक्त पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि किसी प्रश्न का जवाब अपने आप में संपूर्णता के लिए होता है। जिसके लिए आवश्यक है कि प्रश्नों की प्रकृति को समझा जाए।

यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष एवं संतोष का विषय है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के अंतर्गत संचालित मेरे दोनों संस्थान (तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव आरा) एवं (भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी) के विद्यार्थियों से जब मैं रूबरू होता था तो उनके विषयगत प्रश्नों की जिज्ञासाओं को देखते हुए मेरे मन में कई तरह के सवाल आते थे। तब मैंने जाना कि आज की पीढ़ी प्रश्नों को ही समझने में विफल हो रही है। तो मेरे मन में विचार आया कि प्रश्नों की प्रकृति एवं उसके उद्देश्यों को प्रशिक्षणार्थियों के बीच में लाने की परम् आवश्यकता है। ताकि परीक्षा के समय परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देते समय अपने संज्ञानात्मक, ज्ञानात्मक, बोधात्मक एवं स्मृति स्तर के क्षमताओं का भरपूर प्रदर्शन, अपने लेखन के माध्यम से प्रस्तुत कर सकें। प्रश्न पत्र परीक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन है। प्रश्न पत्र के माध्यम से परीक्षार्थियों के ज्ञान एवं कौशल का मापन किया जाता है।

मैंने इस श्रेष्ठतम विचार को शीघ्र मूर्त रूप देने हेतु अपने दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य द्वय एवं सभी प्राध्यापकों के साथ बैठकर इस विषय पर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव मांगे। जिस पर सभी शिक्षकों ने सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए छात्र हित में इस सुझाव की खूब प्रशंसा की, और अपने–अपने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों को चयन कर इसे एक "मॉडल प्रश्न संग्रह" के रूप में अतिशीघ्र निर्मित करने का निर्णय लिया। सभी विद्वत जनों ने मेरे परामर्श अनुसार सर्वसम्मति से इस प्रश्न बैंक का नाम "शान्ति मॉडल प्रश्न संग्रह" रखा। इस प्रश्न संग्रह में प्रश्नपत्र निर्माण के समस्त पहलुओं पर विचार किया गया है।

**उद्देश्य एवं लाभ –**

इस प्रस्तुत मॉडल प्रश्न संग्रह का उद्देश्य डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं के आंतरिक एवं बाह्य परीक्षाओं में पूछे जाने वाले सभी विषयगत संभावित प्रश्नों का यथावत उत्तर देते हुए परीक्षा में अधिकाधिक अंक प्राप्त करके इसका लाभ उठाने से है। डी0एल0एड0 प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के सभी प्रश्न पत्र 22 विषयों के महत्वपूर्ण प्रश्नों की एक सूची तैयार की गई है। पाठ्यक्रम की इकाई के अनुसार सभी प्रश्नों को आदर्श प्रश्नपत्र सेट में समाहित किया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से संचालित महाविद्यालयों में अध्ययनरत डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं के लिए यह पुस्तक अधिक कारगर सिद्ध होगी।

**निष्कर्ष**

इस प्रयत्न की सफलता अब इस बात पर निर्भर करती है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षु अपने कल्पनाशील गतिविधियों एवं इस प्रश्न बैंक की मदद से परीक्षा में अधिकाधिक अंक प्राप्त करके अपने भविष्य को संवारने में कितना अवसर का लाभ उठा सकते हैं। हमें यह मानना होगा कि यदि जगह, समय और आजादी दी जाए तो प्रशिक्षु विशेषज्ञों द्वारा सौंपी जा रही इस प्रश्न संग्रह सामग्री से जुड़कर और जुझकर नये ज्ञान का सृजन कर सकते हैं।

सृजना और पहल को विकसित करने के लिए जरूरी है कि हम छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में पूरा भागीदार माने और बनायें, उन्हें ज्ञान की निर्धारित खुराक का ग्राहक मानना छोड़ दें। यह उद्देश्य कॉलेज की दैनिक जिंदगी और कार्यशैली में काफी फेरबदल की मांग करते हैं। शिक्षण और मूल्यांकन की विधियां भी इस बात को तय करेंगी कि यह प्रश्न संग्रह प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रों को मानसिक दबाव तथा बोरियत की जगह खुशी का अनुभव बनाने में कितनी प्रभावी सिद्ध होगी।

**आभार**

"शान्ति मॉडल प्रश्न संग्रह" के इस सेट के प्रकाशन में मैं अपने महाविद्यालय के प्राचार्य द्वय डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय एवं डॉ0 मिथिलेश कुमार शुक्ला जी का विशेष आभारी हूं। जिनके नेतृत्व में सभी शिक्षक ने इस "शान्ति मॉडल प्रश्न संग्रह" के मुद्रण में अपना अद्वितीय सहयोग प्रदान किया। इस क्रम में मैं उन समस्त महानुभावों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से इस प्रश्न संग्रह के विकास में अपना असाधारण एवं बहुमूल्य योगदान प्रदान किया है।

आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है, कि प्रशिक्षु इसका अध्ययन करके परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करके सफलता के सोपान पर आरुढ़ हो सकेंगे।

"मैं प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।"

डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल
सचिव
टी.एन.ए.टी.टी.सी, हरिगाँव
एवं
बी.एम.टी.टी.सी, मोतिहारी

# आमुख

प्रस्तुत मॉडल प्रश्न पत्र संग्रह तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव एवं भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सचिव (टी.एन.ए.टी.टी.सी एवं बी.एम.टी.टी.सी) के प्रेरणा स्वरूप तथा प्राचार्य द्वय (डॉ0 राहुल कुमार पाण्डेय, प्राचार्य टी.एन.ए.टी.टी.सी एवं डॉ0 मिथलेश शुक्ला, प्राचार्य बी.एम.टी.टी.सी)के निर्देशन में तथा संयोजक श्री नीरज तिवारी, श्री राजेश्वर कुमार विश्वकर्मा एवं श्री मनोज तिवारी के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों के सहयोग से तैयार किया गया है। यह मॉडल प्रश्न पत्र सभी विषयों के पाठ्यक्रम के साथ–साथ विश्वविद्यालय के वाह्य परीक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। महाविद्यालय के वाह्य परीक्षा में दीर्घउत्तरीय, लघुउत्तरीय तथा बहुवैकल्पिक प्रश्न पुछे जाते है, अतः उसी के अनुरूप समस्त प्रश्न पत्रों को मॉडल प्रश्न पत्र सेट में समाहित किया गया है।

इस मॉडल प्रश्न पत्र सेट में डी0एल0एड0 प्रथम और द्वितीय वर्ष के सभी प्रश्न पत्र 22 विषयों के महत्वपुर्ण प्रश्नों की एक सूची तैयार की गयी है। इन प्रश्न पत्रों में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं को वाह्य परीक्षा की तैयारी करने में सहुलियत होगी। पुस्तक में युनिट के हिसाब से महत्वपूर्ण प्रश्नों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसे यूनिट के हिसाब से तैयारी करने में प्रशिक्षुओं को सुविधा होगी।

मॉडल प्रश्न पत्र के इस सेट के प्रकाशन में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगाँव एवं भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी के समस्त सहायक प्राध्यापकों का सहयोग रहा साथ ही टाइप से संबंधित कार्यों में दोनों कॉलेजों के शिक्षकेत्तर सहयोगीयों का भी सराहनीय योगदान रहा। हम इन सभी को हार्दिक आभार व्यक्त करते है।

इस मॉडल प्रश्न पत्र संग्रह के द्वारा हम प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

शुभ कामनाओं के साथ

**डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय**
प्राचार्य
टी. एन. ए. टी. टी. सी.
हरिगाँव, आरा

संयोजक
**श्री नीरज तिवारी**
टी. एन. ए. टी. टी. सी.
हरिगाँव, आरा

**डॉ. मिथिलेश कुमार शुक्ला**
प्राचार्य
बी. एम. टी. टी. सी.
मोतिहारी

**श्री राजेश्वर कुमार विश्वकर्मा**
सहायक प्राध्यापक
टी. एन. ए. टी. टी. सी.

**श्री मनोज तिवारी**
सहायक प्राध्यापक
बी. एम. टी. टी. सी

## INDEX - 1
## D.El.Ed. 1st YEAR


| Sr. No | Paper Name | Paper Code | Page No |
|---|---|---|---|
| 1 | समाज, शिक्षा और पाठ्यचर्या की समझ | F - 1 | 7 |
| 2 | बचपन और बाल विकास | F - 2 | 9 |
| 3 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा | F - 3 | 11 |
| 4 | विद्यालय संस्कृति, परिवर्तन और शिक्षक विकास | F - 4 | 14 |
| 5 | भाषा की समझ तथा आरम्भिक भाषा विकास | F - 5 | 16 |
| 6 | शिक्षा में जेंडर एवं समावेशी परिपेक्ष्य | F - 6 | 18 |
| 7 | गणित का शिक्षणशास्त्र –1 (प्रारंभिक स्तर) | F - 7 | 20 |
| 8 | हिंदी का शिक्षणशास्त्र – 1 (प्रारंभिक स्तर) | F - 8 | 22 |
| 9 | Proficiency of English | F - 9 | 24 |
| 10 | पर्यावरण अध्ययन का शिक्षणशास्त्र | F - 10 | 26 |
| 11 | कला समेकित शिक्षा | F - 11 | 28 |
| 12 | शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनिकी | F - 12 | 30 |


## INDEX - 2
## D.El.Ed. 2nd YEAR


| Sr. No | Paper Name | Paper Code | Page No |
|---|---|---|---|
| 1 | समकालीन भारतीय समाज में शिक्षा | S - 1 | 33 |
| 2 | संज्ञान, सीखना और बाल विकास | S - 2 | 35 |
| 3 | कार्य और शिक्षा | S - 3 | 37 |
| 4 | स्वयं की समझ | S - 4 | 38 |
| 5 | विद्यालय में स्वास्थ्य, योग एवं शारीरिक शिक्षा | S - 5 | 40 |
| 6 | Pedagogy of English (Primary Level) | S - 6 | 42 |
| 7 | गणित का शिक्षणशास्त्र – 2 (प्राथमिक स्तर) | S - 7 | 44 |
| 8 | हिन्दी का शिक्षणशास्त्र – 2 (प्राथमिक स्तर) | S - 8 | 46 |
| 9 | समाजिक विज्ञान | S - 9 (A) | 48 |
| | विज्ञान | S - 9 (B) | 50 |

# D.El.Ed.

# 1st Year

# Paper Code - F - 1
## विषय– समाज, शिक्षा और पाठ्यचर्या की समझ
## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. समाजीकरण की अवधारणा को स्पष्ट करें।
2. समाजीकरण की प्रक्रिया परिवार से प्रारंभ होती है। स्पष्ट करें।
3. समाजीकरण में सहायक विभिन्न कारकों को स्पष्ट करें।
4. बाल अधिकारों के बारे मे क्या जानते हैं ?
5. बालक के समाजीकरण में विद्यालय के योगदान को लिखें।
6. उपेक्षित वर्गों के बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था में आप क्या सुधार कर सकते हैं ?
7. समाज एवं विद्यालय के संबंधों को लिखें।
8. शिक्षा की प्रकृति को स्पष्ट करें।
9. बालक के व्यावहारिक शिक्षा में परिवार के योगदान को स्पष्ट करें।
10. ''मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है'' कैसे ?
11. विद्यालय एक लघु समाज है। वर्णन करें।
12. शिक्षा के ऐतिहासिक स्वरूप को लिखें।
13. औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा में क्या अन्तर है ?
14. शिक्षा के विभिन्न उद्देश्यों को लिखें।
15. वर्तमान समय में व्यावहारिक शिक्षा क्यों आवश्यक है ?
16. महात्मा गांधी के 'हिन्द स्वराज' में किस तरह की शिक्षा को रेखांकित किया गया है ?
17. गिजुभाई बधेका का शिक्षा में क्या योगदान है ?
18. रवीन्द्रनाथ टैगोर के शिक्षा दर्शन को स्पष्ट करें।
19. बाल शिक्षा के लिए मारिया मांटेसरी के प्रयासों का वर्णन करें।
20. हंटर आयोग (1882) की विशेषताओं को लिखें।
21. ज्योतिबा फुले द्वारा निर्धन बालकों एवं महिला शिक्षा उत्थान के लिए किये गए प्रयासों का वर्णन करें।
22. महात्मा गांधी के बुनियादी शिक्षा का वर्णन करें।
23. बालकेन्द्रित शिक्षा के महत्व को स्पष्ट करें।
24. जे. कृष्णमूर्ति द्वारा सीखने–सीखाने में संवाद विधि की भूमिका को रेखांकित करें।
25. जॉन डीवी की शिक्षा दर्शन को लिखें।
26. पाठ्चर्या एवं पाठयक्रम में क्या अन्तर है ?
27. बिहार के लिए अलग पाठ्यक्रम की आवश्यकता क्यों है ?
28. शिक्षा में स्थानीय भाषा के महत्व को लिखें।
29. शिक्षा मानव को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त करती है। स्पष्ट करें।
30. गाँधी जी के दार्शनिक विचारों की विवेचना कीजिए।

# दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. समाजीकरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। स्पष्ट करें।
2. समाजीकरण में परिवार एवं पड़ोस के योगदान को स्पष्ट करें।
3. शिक्षा की प्रकृति एवं प्रकार का वर्णन करें।
4. शिक्षा विद्यालय और समाज के अंतर्सम्बधों को स्पष्ट करें।
5. बालक के समाजीकरण में विद्यालय के योगदान को स्पष्ट करें।
6. बालक के समाजीकरण में सहायक विभिन्न कारकों की भूमिका एवं प्रभावों का वर्णन करें।
7. शिक्षा की अवधारणा एवं विभिन्न उद्देश्यों को स्पष्ट करें।
8. ज्ञान के विविध स्वरूप एवं अर्जन के तरीकों को स्पष्ट करें।
9. महात्मा गाँधी के शैक्षिक उपलब्धियों को स्पष्ट करें।
10. गिजुभाई बधेका के शौक्षिक एवं समाजिक योगदान का उल्लेख करें।
11. एक दार्शनिक के रूप में रवीन्द्रनाथ टैगोर के उपलब्धियों का उल्लेख करें।
12. मारिया मांटेसरी का शैक्षिक उपलब्ध्यों का वर्णन करें।
13. महिला शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान में ज्योतिबा फुले के योगदान का वर्णन करें।
14. बालकेन्द्रित शिक्षा क्या है ? बालकेन्द्रित शिक्षा के महत्व को डॉ0 जाकिर हुसैन के शैक्षिक लेख के आधार पर वर्णन करें।
15. जॉन डीवी के अनुसार शिक्षा में प्रयोजनवाद के अवधारणा, महत्व एवं उद्देश्यों को स्पष्ट करे।
16. पाठ्यक्रम की अवधारणा एवं पाठ्यक्रम निर्माण के विविध आधार का उल्लेख करें।
17. विद्यालयों में समाजीकरण को प्रभावित करने में पाठचर्या की क्या भूमिका है ?
18. बच्चों के अधिकारों का व्याख्या करें, तथा उनके महत्वों को लिखें।
19. बालक के विकास में विद्यालय एवं समुदाय के योगदान को स्पष्ट करें।
20. वे कौन सी परिस्थितियॉ हैं, जिनके कारण बच्चों का बचपन छिन जाता है ? उदाहरण के साथ स्पष्ट करें।
21. पाठ्यचर्या रूप रेखा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट कीजिए।
22. बिहार राज्य के लिए पृथक पाठ्यक्रम की आवश्यकता विषय पर अपने विचारों को स्पष्ट कीजिए।
23. बिहार में स्कूली शिक्षा के लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या रहे है ? इसमें आप क्या परिवर्तन करना चाहेगें ?
24. आदर्श शिक्षक के गुणों का वर्णन करें।
25. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उपलब्धियों का व्याख्या करें।

# Paper Code - F – 2
# विषय – बचपन और बाल विकास
# लघु उतरीय प्रश्न

1. बच्चे तथा बचपन की अवधारणा को स्पष्ट करें।
2. वृद्धि तथा विकास के अन्तर्सम्बन्धों की व्याख्या करें।
3. बाल विकास से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट करें।
4. शिक्षकों के लिए बाल विकास का अध्ययन क्यों आवश्यक है ?
5. वृद्धि तथा विकास में अन्तर को स्पष्ट करें।
6. किशोरावस्था जीवन का सबसे कठिन काल है स्पष्ट करें।
7. शैशवावस्था में शारीरिक विकास की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
8. चलने की गति में विलम्ब के क्या कारण हैं ?
9. बालक के जीवन में क्रियात्मक विकास का क्या महत्व है ?
10. क्रियात्मक विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का वर्णन करें।
11. बच्चों के शारीरिक व मनोगत्यात्मक विकास की अवधारणा को स्पष्ट करें।
12. ''एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।'' इस कथन की व्याख्या करें।
13. आप अपने विद्यालय में पाये जाने वाले बच्चों की सृजनात्मकता के कुछ उदाहरणों को प्रस्तुत करें।
14. सृजनात्मकता बच्चों के विषय सीखने में किस प्रकार सहायक है। स्पष्ट करें।
15. बच्चे विद्यालय आने के लिए प्रतिदिन तत्पर हो इसके लिए शिक्षक की क्या भूमिका है ?
16. सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाले प्रमुख उपायों का वर्णन करें।
17. सृजनशील व्यक्तित्व की विशेषताओं का उल्लेख करें।
18. सीखने में सृजनात्मकता की भूमिका को स्पष्ट करें।
19. आप अपने विद्यालय में बच्चों को कौन–कौन प्रकार के खेल खेलाते है ? किसी एक खेल से सम्बन्धित बच्चों के विकास का वर्णन करें।
20. खेल बच्चों के लिए क्यों आवश्यक है ? वर्णन करें।
21. शिक्षा में "खेल प्रणाली" पर टिप्पणी लिखें।
22. विद्यालय में खेल शिक्षक की अनिवार्यता क्यों है ? स्पष्ट करें।
23. हॉकी खेल के नियमों का उल्लेख करें।
24. खेल के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन करें।
25. जॉन बाल्बी के लगाव के सिद्धान्त का वर्णन करें।
26. बच्चों के संवेगात्मक विकास में परिवार की भूमिका का वर्णन करें।
27. व्यक्तित्व के प्रमुख प्रकार कौन–कौन है ?
28. व्यक्तित्व के अर्थ को स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें।
29. भावनात्मक एवं नैतिक पहलुओं का व्यक्तित्व विकास में एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। स्पष्ट करें।
30. अन्तर्मुखी और बर्हिमुखी व्यक्तित्व के अर्थ को स्पष्ट करें।

# दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. बाल विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का वर्णन करें।
2. शैशवावस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।
3. किशोरावस्था बड़े संघर्ष, तनाव, तूफान तथा विरोध की अवस्था है। स्टेनले हॉल के इस कथन की व्याख्या करें।
4. बचपन को प्रभावित करने वाले मनो–सामाजिक कारकों की विस्तृत विवेचना कीजिए।
5. किशोरावस्था में शिक्षा के स्वरूप का वर्णन करें।
6. शैशवावस्था, से लेकर किशोरावस्था तक के बच्चों का शारीरिक विकास को संक्षेप में वर्णन करें।
7. शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का संक्षेप में वर्णन करें।
8. गत्यात्मक/क्रियात्मक विकास को परिभाषित कीजिए तथा उसके महत्व पर प्रकाश डालिए।
9. शारीरिक व मनोगत्यात्मक विकास का संबंध सिर्फ शरीर से नहीं है बल्कि उसका प्रभाव सीखने की अन्य प्रक्रियाओं पर भी पड़ता है। स्पष्ट करें।
10. शारीरिक व मनोगत्यात्मक विकास में शिक्षक एवं माता–पिता किस प्रकार की भूमिका को स्पष्ट करें।
11. सृजनात्मकता से आप क्या समझते हैं ? एक सृजनशील बालक के विभिन्न गुणों की चर्चा करें।
12. सृजनात्मकता को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की विवेचना कीजिए।
13. सृजनात्मकता को परिभाषित कीजिए तथा सृजनशीलता के विकास में शिक्षक की भूमिका को स्पष्ट करें।
14. विद्यालय में छात्रों की सृजनात्मकता को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।
15. सृजनशीलता के विकास में बाधक तत्वों का वर्णन करें।
16. खेल के मुख्य प्रकार कौन कौन से है ? खेल संचालन में शिक्षक की भूमिका का वर्णन करें।
17. खेल बालक के व्यक्तित्व के सभी अंगो को प्रभावित करता है। इस कथन को स्पष्ट करें।
18. खेल की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालें।
19. खेल विधि पर आधारित विभिन्न शिक्षण विधियों का उल्लेख करें।
20. खेल के अर्थ एवं परिभाषा को लिखें। खेल में योग के महत्व पर प्रकाश डालें।
21. जीन पियाजे के नैतिक विकास के सिद्धान्त का वर्णन करें।
22. व्यक्तित्व क्या है ? उसके विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख तत्वों का उल्लेख करें।
23. व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित एरिक्सन के सिद्धान्त की व्याख्या करें।
24. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त का वर्णन करें।
25. संवेगात्मक विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का उल्लेख करें।

# Paper Code - F – 3
## विषय– प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा
## लघु उतरीय प्रश्न

1. ई.सी.सी.ई. पाठ्यचर्या के मुख्य उद्देश्यों को स्पष्ट करें।
2. बाल विकास के विभिन्न आयामों की व्याख्या करें।
3. ई.सी.सी.ई. पाठ्यचर्या को लागू करने में विद्यालय की भूमिका को स्पष्ट करें।
4. ई.सी.सी.ई. पाठ्यचर्या को लागू करने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है कैसें ?
5. प्रारम्भिक बाल्यावस्था में खेल विधियों के आयोजन का क्या महत्व है।
6. सूक्ष्म एवं स्थूल गतिक कौशलों के मध्य अंतर स्पष्ट करें।
7. प्रारम्भिक वर्षों में भाषा विकास की प्रक्रिया क्या है ? स्पष्ट करें।
8. प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में बच्चों की प्रगति जानने से पूर्व उनकी क्षमताओं का आकलन जरूरी है, कैसे ?
9. बिहार मे प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा की चुनौतिया क्या है ?
10. राज्य में प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा को 8 वर्ष तक विस्तार देने का क्या अर्थ है ?
11. समावेशी शिक्षा का क्या अर्थ है ?
12. शिशु विहार पद्धति के क्या उद्देश्य है ?
13. किंडर गार्टन (शिशु विहार प्रणाली) के दोष बतावें।
14. प्रारम्भिक बाल्यावस्था के देखभाल से आप क्या समझते है ?
15. किंडर गार्टन (शिशु विहार प्रणाली) के गुणों की चर्चा करें।
16. शिक्षा आयोग 1964–66 के अनुसार पूर्व प्राथमिक शिक्षा के क्या उद्देश्य हैं ?
17. निरीक्षण विधि क्या है ?
18. मंदबुद्धि के बालकों के शिक्षण विधि में क्या–क्या विशेषताएँ होनी चाहिए।
19. बच्चों में संवेगात्मक विकास से आप क्या समझते है ?
20. संवेगात्मक विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें।
21. बाल्यावस्था में शारीरिक विकास का वर्णन करें।
22. बाल्यावस्था में सामाजिक विकास से आप क्या समझते है ?
23. सामाजिक विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें।
24. मानसिक विकास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें।
25. घर के वातावरण बच्चों के विकास को किस प्रकार प्रभावित करता है।
26. रचनात्मक खेल क्या है ?
27. प्रारम्भिक बाल्यावस्था में समांन्तर खेल का अर्थ स्पष्ट करें।
28. बाल्यावस्था में सामाजिक विकास का भाव स्पष्ट करें।
29. पुनरावृत्ति– फ्रोबेल के शिशु–विहार के गुणों को बताएँ।
30. भाषा विकास की अवधारणाओं का वर्णन करें।

31. व्यक्तिगत विभिन्नता क्या है ? अर्थ एवं परिभाषा स्पष्ट करें।
32. व्यक्तिगत अध्ययन से आप क्या समझते है ?
33. खेल का शैक्षिक महत्व बताएँ।
34. पूर्व प्राथमिक शिक्षा का क्या महत्व है ?
35. साक्षात्कार के प्रकारों का वर्णन करें।
36. पाठ्यक्रम के सर्वांगीण विकास के सिद्धान्त को समझाएँ।
37. बालवाड़ी पोषण क्या है ?
38. भोड़यूल आँगनबाड़ी से क्या समझते है ?
39. वृद्धि और विकास के अंतर को स्पष्ट करें।
40. प्रारम्भिक बाल्यावस्था के चारित्रिक विकास किस प्रकार से होता है।
41. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के उद्देश्य बतायें।
42. प्रेक्षण का महत्व बतावें।
43. फ्रोबेल के अनुसार खेल के महत्व को बताए।
44. खेल–कूद के दौरान बच्चों में सृजनात्मक एवं कल्पनात्मक शक्ति का विकास किस प्रकार से होता है।
45. प्रश्नवाली विधि का क्या महत्व है ?

## दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. बाल्यावस्था की अवधारणा को स्पष्ट करते हए उनकी संकल्पना पर प्रकाश डालिए।
2. प्रारम्भिक बाल्यावस्था से आप क्या समझते है ? इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करे।
3. प्रारम्भिक बाल्यावस्था में शिक्षा का स्वरूप पर प्रकाश डालें।
4. ECCE का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।
5. ई.सी.सी.ई. की आवश्यकता एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालें।
6. किंडर गार्टन के मुख्यउद्देश्य एवं इसके गुणों दोषों पर प्रकाश डालें।
7. बचपन की आधुनिक अवधारणा के विकास की स्थिति को विकासपूर्वक समझाइए।
8. बचपन को आकार प्रदान करने वाले विभिन्न कारक कौन से है ? वर्णन करें।
9. एक संतुलित तथा संदर्भयुक्त ई.सी.सी.ई. पाठ्यचर्या की समझ प्रस्तुत करें।
10. शैक्षिक कार्यक्रम के आयोजन से आप क्या समझते है। विद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करें।
11. प्राथमिक विद्यालयों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के विस्तार का अर्थ एवं आधार पर प्रकाश डालें।
12. प्रोजेक्ट विधि से आप क्या समझते है, प्रोजेक्ट के चयन, पद्धति के गुण एवं दोषों को रेखांकित करें।
13. बच्चों की प्रगति के विभिन्न संकेतक एवं मानकों पर प्रकाश डालें।
14. अधिगम शिक्षण और आकलन को बेहतर बनाने के लिए कौन कौन सी युक्तियाँ होनी चाहिए ? विस्तृत वर्णन करें।
15. आकलन से आप क्या समझते है आकलन की परिभाषा दीजिए तथा शिक्षा में आकलन किस प्रकार होता है।
16. रूपात्मक एवं संकलनात्मक आकलन का वर्णन किजिए।

17. राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना 2005 के सिद्धान्तों एवं उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

18. व्यक्तित्व निमार्ण में बाल्यकाल के अनुभवों का महत्व पर प्रकाश डालें।

19. बिहार शिक्षा परियोजना क्या है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

20. बिहार में प्राथमिक शिक्षा की मुख्य समस्याएँ क्या है ? उनके निराकरण के लिए व्यवहारिक सुझाव दीजिए।

21. निम्नांकित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए।

(A) एन0 सी0 टी0 ई0 (B) डायट

22. बिहार में शिक्षा की असमानता को दूर करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का वर्णन करे।

23. भारत में निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की उन्नति के मार्ग में मुख्य कठिनाइयाँ क्या है ? कोठारी आयोग ने उनकी सुलझाने के लिए क्या प्रस्ताव दिए हैं।

24. वर्तमान समय में शिक्षा को लेकर क्या प्रमुख चुनौतियाँ हैं ? नीतिगत दस्तावेजों को ध्यान में रखते हुए बिहार विशेष के संदर्भ में समझाएँ।

25. बच्चे बचपन और उनके विकास को बिहार के विशेष संर्दभ में रेखांकित करें।

# Paper code - F - 4
## विषय– "विद्यालय संस्कृति परिवर्तन और शिक्षक विकास"
## लघुउत्तरीय प्रश्न

1. विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था में अनुशासन के महत्व बताएँ।
2. विद्यालय संस्कृति के संगठनात्मक पहलु में आलोचनात्म समझ की व्याख्या करें ?
3. आपदा प्रबंधन को समझाएँ ?
4. विद्यालय प्रबंधन में मीना मंच की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ?
5. समावेशी शिक्षण के अनुरूप विद्यालय संगठन की व्याख्या कीजिए ?
6. कला समेकित शिक्षा के माध्यम से शिक्षण में बदलाव के घटक को स्पष्ट कीजिए ?
7. सूचना संचार तकनीकी उपकरण के नाम व किसी एक का संक्षिप्त में वर्णन करें।
8. कक्षा–कक्ष की प्रकृति जो परम्पारागत है, उसकी समझ की व्याख्या करें ?
9. कक्षा–कक्ष संचालन की व्यवस्था में सीखने सिखाने कि विधि कौन–कौन है ?
10. कक्षा–कक्ष में सम्प्रेषण की विधि को स्पष्ट कीजिए।
11. सीखने की योजना में स्वमूल्यांकन के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।
12. पाठ्य सहगामी व सह–शैक्षिक क्रियाए, कला, खेल के महत्व को स्पष्ट कीजिए।
13. सीखने–सिखाने के दौरान आने वाली प्रमुख चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए।
14. विद्यालय में आकलन एवं मूल्यांकन की व्यवस्था का वर्णन कीजिए।
15. शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार व स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ?
16. शिक्षक वृतिक विकास की आवश्यकता का वर्णन करें।
17. विद्यालय में नेतृत्व व्यवस्था में शिक्षक की प्रशासनिक समझ की व्याख्या करें ?
18. शिक्षक के तनाव के कारण व निदान के उपाय को स्पष्ट कीजिए ?
19. शिक्षक के वृत्तिक विकास में स्वाध्याय, लेखन की समझ का व्याख्या कीजिए ?
20. शिक्षक के वृतिक विकास में सहकर्मियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ?
21. सेंकुल  संसाधन केन्द्र के कार्य को स्पष्ट कीजिए ?
22. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) के कार्य का वर्णन करें।
23. प्रारम्भिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के कार्य शैली की व्याख्या कीजिए।
24. बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (BEPC) के कार्य को स्पष्ट करें।
25. बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड (BSEB) के कार्य को स्पष्ट करें।
26. बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के कार्य का वर्णन करें।
27. सर्व शिक्षा अभियान की व्याख्या कीजिए।
28. समेकित बाल शिक्षा योजना क्या है ?
29. बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली विशेष योजना क्या है ?
30. उपेक्षित वर्ग के बालकों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली विशेष योजनाए क्या है ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. विद्यालय संस्कृति के संगठनात्मक पहलू की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
2. विद्यालय संस्कृति के संगठनात्मक पहलू की संरचना की व्याख्या कीजिए।
3. विद्यालय संस्कृति के संगठनात्मक पहलू के घटको की आलोचनात्मक समझ को स्पष्ट कीजिए।
4. विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था और अंतर्निहित मान्यताओं की विभिन्न घटकों को स्पष्ट कीजिए।
5. विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था और अंतर्निहित मान्यताएँ कार्य संस्कृति तथा अनुशासन का विस्तार पूर्वक व्याख्या कीजिए।
6. विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था में समय प्रबंधन, आपधा प्रबंधन, को स्पष्ट कीजिए।
7. विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था में बाल संसद व मीना मंच की भूमिका का वर्णन कीजिए ?
8. विद्यालय के प्रबंधन से सम्बन्धित दस्तावेज व विभिन्न रिकॉर्ड रख–रखाव की समझ का विस्तार पूर्वक व्याख्या कीजिए ?
9. विद्यालय के प्रबंधन से सम्बन्धित दस्तावेज के आकलन एवं उपयोगिता की समझ की व्याख्या कीजिए।
10. विद्यालय में दिन की शुरूआत, चेतना सत्र की अवधारणा एवं उद्देश्य तथा छात्रों को लाभ की समझ का वर्णन कीजिए ?
11. विद्यालय भवन का सृजनात्मक प्रयोग सीखने–सीखाने के माध्यम की समझ को स्पष्ट कीजिए ?
12. शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत विद्यालयी व्यवस्था में परिवर्तन के माध्यम को स्पष्ट कीजिए ?
13. शिक्षा के अधिकार की समझ को स्पष्ट कीजिए ?
14. समावेशी शिक्षा के अनुरूप विद्यालय संगठन को स्पष्ट कीजिए ?
15. समावेशी शिक्षा की अवधारणा व उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ?
16. कला समेकित शिक्षा के माध्यम से विद्यालयी परिवेश एवं कक्षायी शिक्षण में बदलाव को विस्तार पूर्वक वर्णन करें।
17. कला समेकित शिक्षा की अवधारणा तथा महत्व को स्पष्ट कीजिए ?
18. शिक्षण व प्रशिक्षण से सूचना संचार तकनीकी प्रक्रिया में प्रयोग को स्पष्ट कीजिए ?
19. सूचना व संचार तकनीकी का कक्षा कक्ष मे उपयोग की समझ की व्याख्या करें ?
20. कक्षा कक्ष की प्रकृति परम्परागत, बालकेन्द्रित, लोकतांत्रिक, सृजनात्मक, आदि को स्पष्ट कीजिए ?
21. सीखने की योजना (लर्निंग प्लान) की अवधारणा, व योजना, क्रियान्वयन तथा स्वमूल्यांकन की समझ की व्याख्या कीजिए ?
22. पाठ्य–सहगामी व सह–शैक्षिक क्रियाओं का महत्व योजना निर्माण, क्रियान्वयन (गतिविधियॉ) कला, खेल, इत्यादि की व्याख्या कीजिए ?
23. सीखने–सिखाने के दौरान आने वाली प्रमुख चुनौतियों तथा अनुपूरक शिक्षण की व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए ?
24. विद्यालय में आकलन व मूल्यांकन की सतत् एवं व्यापक आकलन की व्यवस्था को स्पष्ट कीजिए ?
25. शिक्षक वृत्तिक विकास की अवधारणा, आवश्यकता व गतिगत विमर्श व सीमाएं को स्पष्ट कीजिए ?
26. शिक्षक के प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता, महत्व प्रकार व उद्देश्य का वर्णन कीजिए ?
27. शिक्षक तनाव प्रबंधन की अवधारणा, तनाव के कारण व निदान की समझ की व्याख्या करें ?
28. राज्य स्तरीय संस्थाएँ राज्य शिक्षण शोध एवं प्रशिक्षण परिषद को स्पष्ट कीजिए ?
29. निकटवर्ती जिला स्तरीय संस्थाएँ संकूल समाधान केन्द्र, प्रखण्ड संसाधन के कार्यो का वर्णन कीजिए ?
30. अर्न्तराष्ट्रीय एवं गैर सरकारी संस्थाऍ – यूनिसेफ, वर्ल्ड बैक के योगदान को विस्तार पूर्वक समझाएँ ?

# Paper Code - F – 5

## विषय– भाषा की समझ एवं आरम्भिक भाषा विकास

## लघु उतरीय प्रश्न

1. भाषा का अर्थ स्पष्ट करें।
2. भाषा के प्रकार लिखें।
3. लिखित भाषा का अर्थ स्पष्ट करें।
4. मौखिक भाषा का अर्थ स्पष्ट करें।
5. लिखित और सांकेतिक भाषा में अन्तर लिखे।
6. भाषा की विशेषता लिखें।
7. बिहार में बोली जाने वाली भाषाओं का नाम लिखें
8. बोली का अर्थ स्पष्ट करें।
9. भारत मे बोली जाने वाली भाषाओं की कुल संख्या लिखें।
10. अष्टमसूची में स्थान प्राप्त भाषाओं का नाम लिखे।
11. भारोपीय परिवार का आशय स्पष्ट करें।
12. बहुभाषिकता का अर्थ स्पष्ट करें।
13. भारोपीय परिवाार में स्थान प्राप्त भाषाओं का उल्लेख करें।
14. भोजपुरी भाषा के ऐतिहासिक पृष्टभूमि का उल्लेख करें।
15. ध्वनि संरचना का अर्थ स्पष्ट करें।
16. शब्द संरचना क्या है ?
17. प्रोक्ति की अवधारणा स्पष्ट करें।
18. भाषा की नियमबद्ध प्रक्रिया का वर्णन करें।
19. वाक्य के भेद लिखें।
20. संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखें।
21. भाषा के उद्देश्य लिखें।
22. भाषा के प्रमुख कौशलों की परिभाषा लिखें।
23. श्रवण कौशल का अर्थ स्पष्ट करें।
24. वाचन कौशल का अर्थ स्पष्ट करें।
25. लेखन कौशल का अर्थ स्पष्ट करें।
26. पठन कौशल का अर्थ स्पष्ट करें।
27. लिपि का अर्थ स्पष्ट करें।
28. लिपि की उपयोगिता का वर्णन करें।
29. विषय के रूप में भाषा का आशय स्पष्ट करें।
30. संप्रेषण की अवधारणा लिखें।

## दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. ''भाषा प्रतीकों की वाचिक व्यवस्था के रूप में'' की व्याख्या करें।
2. मानव भाषा एवं पशु–पक्षियों की भाषा का तुलनात्मक व्याख्या करें।
3. पशु–पक्षियों की भाषा एवं पेड़ पौधों की भाषा में अन्तर स्पष्ट करें।
4. भाषा की नियमबद्ध व्यवस्था का सोदाहरण व्याख्या करें।
5. ध्वनि प्रक्रिया को दर्शाते हुए परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं बैखरी का वर्णन करें।
6. भाषा के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का वर्णन करें।
7. भाषा के सामाजिक एंव सांस्कृतिक सन्दर्भो की विवेचना करें।
8. भाषा की प्रकृति बताते हुए आवश्यकता का वर्णन करें।
9. विद्यालय का बच्चों की भाषा पर पड़ने वालें प्रभावों का सोदाहरण व्याख्या करें।
10. भाषा और बोली में अन्तर स्पष्ट करें।
11. भाषा के संदर्भ में अनुच्छेद 345, 351 की व्याख्या करें।
12. आठवीं अनुसूची की संप्रसंग व्याख्या करें।
13. बहुभाषिक कक्ष का अर्थ स्पष्ट करते हुए आवश्यकताओं का वर्णन करें।
14. केस स्टडी का सोदाहरण व्याख्या करें।
15. स्किनर के सिद्धान्त की भाषा में उपयोगिता का वर्णन करें।
16. चॉमस्की के भाषासिद्धान्त का सप्रसंग व्याख्या करें।
17. वायगोत्सकी के भाषा सम्बन्धि विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता लिखें।
18. प्याजे के अनुसार बच्चे भाषा कैसे सीखते हैं।
19. कल्पनाशीलता एवं सृजनशीलता में अन्तर स्पष्ट करें।
20. अन्य विषयों के शिक्षण में भाषा की उपयोगिता लिखें।
21. भाषार्जन में परिवार की भूमिकाओं का व्याख्या करें।
22. भाषा विषय के रूप में एवं माध्यम के रूप में सोदाहरण व्याख्या करें।
23. भाषा एवं लिपि में संबन्धों का सोदाहरण वर्णन करें।
24. भाषा अर्जित करने एवं सीखने में अन्तर स्पष्ट करें।
25. बच्चों के भाषा सीखने में कौन कौन सी प्रक्रिया रूचिपूर्ण हो सकती है। सोदाहरण व्याख्या करें।

# Paper Code - F – 6
## विषय– शिक्षा में जेण्डर एवं समावेशी परिप्रेक्ष्य
## लघु उतरीय प्रश्न

1. मानसिक रूप से विचलित बालक पर टिप्पणी लिखिए।
2. शारीरिक रूप से भिन्न बालकों पर टिप्पणी लिखिए।
3. शैक्षिक रूप से भिन्न बालकों पर टिप्पणी लिखिए।
4. समावेशी शिक्षा पर टिप्पणी लिखें।
5. विशेष कक्षा योजना पर एक लघु निबन्ध प्रस्तुत करें।
6. विशेष विद्यालय पर टिप्पणी लिखें।
7. समावेशी शिक्षा के सन्दर्भ में NCF - 2005 पर एक लघु निबन्ध लिखिए।
8. वाणी दोष ग्रसित बालक पर टिप्पणी लिखें।
9. अन्धे तथा बहरे बालक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
10. श्रवण बाधित बालकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
11. दृष्टि बाधित बालकों के परीक्षण एवं निरीक्षण पर टिप्पणी लिखें।
12. बीमार बालकों की लक्षण कों स्पष्ट करें।
13. दिव्यांग बालकों की शिक्षा प्रणाली पर टिप्पणी लिखिए।
14. अधिगम अयोग्य बालकों के अध्ययन में होने वाली समस्या पर टिप्पणी लिखें।
15. अधिगम अयोग्य बालकों की उपचार हेतु प्रमुख विधियों पर टिप्पणी लिखिए।
16. समावेशी शिक्षा के व्यवधान के रोकथाम पर टिप्पणी लिखिए।
17. दिव्यांग बालक हेतु बनाये गये कार्यक्रम पर टिप्पणी लिखिए।
18. संवेगात्मक रूप से अशान्त बालकों के लिए कक्षाकक्ष नियंत्रण पर टिप्पणी प्रस्तुत करें।
19. अधिगम असमर्थ बालकों के लिए पाठ्यक्रम पर टिप्पणी लिखिए।
20. मानसिंक रूप से पिछडों बालकों पर टिप्पणी लिखिए।
21. विशिष्ट शिक्षा के लिए शिक्षकों के विशेष प्रशिक्षण पर टिप्पणी लिखिए।
22. मानसिंक रूप से पिछडे बालकों का वर्गीकरण कीजिए।
23. पुनर्वास योजना पर टिप्पणी लिखिए।
24. अधिगम अयोग्य बालकों पर टिप्पणी लिखें।
25. मानसिंक मन्दता के कारण पर टिप्पणी लिखें।
26. राष्ट्रीय दिव्यांग जन नीति 2006 पर टिप्पणी लिखें।
27. विभिन्न दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय संस्थान का नाम उल्लेख करें।
28. जेण्डर और सेक्स के बीच विभेद करें ।
29. भारतीय समाज में पितृ सत्तात्मकता पर टिप्पणी लिखिए।
30. बालिका विद्यालयीकरण की समस्यायें और समाधान पर टिप्पणी लिखिए।
31. लिंग संवेदनशीलता की महत्व पर टिप्पणी लिखें।
32. शिक्षा के सार्वभौमीकरण को स्पष्ट करें।

33. लिंगीय विभेद के कारण पर टिप्पणी लिखें।
34. लिंगीय विभेद के समाप्त करने के उपायों का संक्षिप्त वर्णन करें।
35. बालिकाओं के लिए बाह्य वातावरणीय सुरक्षा पर टिप्पणी लिखिए।

## दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. समावेशी शिक्षा का अर्थ एवं आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।
2. दिव्यांग बालक का वर्गीकरण हम किस प्रकार कर सकते हैं ? वर्णन करें।
3. समावेशी शिक्षा में बदलाव किस प्रकार से किया जा सकता है ? वर्णन करें।
4. समान्य बालक तथा विशिष्ट बालकों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
5. समावेशी शिक्षा की समस्याओं पर प्रकाश डालें।
6. शारीरिक न्यूनता से ग्रसित बालक कैसे होते हैं ? वर्णन करें।
7. श्रवण बाधित बालक कितने प्रकार की होते हैं तथा उसकी पहचान कैसे किया जा सकता है ? वर्णन करें।
8. दृष्टि अक्षम बालकों की प्रकार को स्पष्ट करें तथा उनके लिए शैक्षिक प्रावधान व्यवस्था का वर्णन कीजिए।
9. वाक् विकलांक बालकों पर एक निबन्ध प्रस्तुत करें।
10. अधिगम बाधित बालकों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जा सकता है ? वर्णन करें।
11. शैक्षिक रूप से पिछड़ा बालक का पहचान किस प्रकार किया जा सकता है ? वर्णन करें।
12. विशिष्ट बालक हेतु समावेशी शिक्षा किस प्रकार प्रदान की जाती है ? वर्णन करें।
13. विशेष शिक्षा की आधुनिक दर्शन को स्पष्ट करें।
14. दिव्यांगो की आवश्यकता अनुरूप शिक्षा का स्वरूप का वर्णन करें।
15. भाषा विकलांगता अर्थ को स्पष्ट करते हुए परिभाषित करें।
16. विशेष आवश्यकता वाले बालकों के लिए समावेशी शिक्षा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर एक निबन्ध प्रस्तुत करें।
17. भारत में विशिष्ट शिक्षा की क्रम विकास को वर्णन करें।
18. विशिष्ट शिक्षा की आवश्यकता को स्पष्ट करें।
19. विशिष्ट बालकों की शिक्षा के लिए शिक्षक को प्रशिक्षण क्यों आवश्यकता है ?
20. बच्चों की समाजीकरण में परिवार एवं समुदाय की भूमिका को स्पष्ट करें।
21. जेण्डर तथा पाठ्क्रमी मुद्दे पर एक निबन्ध लिखिए।
22. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में लिंग संवेदनशीलता का वर्णन करें।
23. जेण्डर विभेद को दूर करने के लिए किन उपायों को अपनाया जा सकता है?
24. जेण्डर विभेद की प्रमुख कारण पर प्रकाश डालिए।

# Paper Code - F – 7

## विषय – गणित का शिक्षणशास्त्र – 1 (प्राथमिक स्तर)

## लघु उतरीय प्रश्न

1. गणित का अर्थ बताते हुए, इसकों परिभाषित कीजिए।
2. गणित का महत्व लिखिए।
3. गणित की प्रकृति लिखिए।
4. प्राथमिक स्तर पर गणित के उद्देश्य लिखिए।
5. खेल विधि के विभिन्न गुणों को लिखिए।
6. प्राथमिक स्तर पर गणित को रोचक बनाने की महत्वपूर्ण विधियाँ कौन–कौन सी है ?
7. गणित पाठ्यक्रम की आवश्यकता लिखिए।
8. गणित पाठ्यपुस्तक के महत्व बताइए।
9. प्राकृतिक संख्या तथा पूर्ण संख्या में अन्तर लिखिए।
10. संख्या पद्धति क्या है ?
11. संख्या रेखा किसे कहते हैं ?
12. स्थानीय मान किसे कहते हैं ?
13. मापन किसे कहते हैं ?
14. मूल्यांकन से आप समझते हैं ?
15. मापन तथा मूल्यांकन में किन्ही पाँच अन्तरों को लिखिए।
16. धन से क्या समझते हैं ?
17. घनाभ से किसे कहते हैं ?
18. क्षेत्रफल तथा आयतन मे अन्तर लिखिए।
19. अनुमान से आप क्या समझते हैं ?
20. मानक इकाई से क्या समझते हैं ?

## दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. गणित से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. दैनिक जीवन में गणित की आवश्यकता का वर्णन कीजिए।
3. गणित में भय, भ्रम तथा मिथक को उदाहरण द्वारा विस्तार से समझाइए।
4. गणितीयकरण से आप क्या समझते है ? सविस्तार वर्णन कीजिए।
5. गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय पाठ्यक्रम में गणित का महत्व स्पष्ट कीजिए।
6. प्राथमिक स्तर पर गणित के उद्देश्यों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

7. गणित शिक्षण की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिए।
8. विद्यार्थियों के अनुभव का उपयोग सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में आप कैसे करेगें ? वर्णन करें।
9. गणित में संज्ञानात्मक विकास की अवधारणा का सविस्तार वर्णन कीजिए।
10. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के आलोक में प्राथमिक स्तर पर गणित के उद्देश्यों का वर्णन करें।
11. बिहार पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2008 के आलोक में प्राथमिक स्तर पर गणित के उद्देश्यों का वर्णन करें।
12. बिहार के प्राथमिक स्तर के गणित का पाठ्यक्रम एवं पाठ्य–पुस्तकों की उपयोगिता बताइए।
13. गणित से संम्बन्धित पूर्व धारणाओं एवं भ्रान्तियों को स्पष्ट करें।
14. पूर्ण संख्याओं तथा संख्याओं को किस प्रकार समझा जाता है ?
15. संख्यापूर्ण अवधारणा क्या है ? यह बच्चों में कैसे विकसित किया जा सकता है ?
16. बच्चों में गिनती की अवधारणा स्पष्ट करने के लिए गतिविधि का वर्णन करें।
17. सम, विषम तथा अभाज्य संख्या के बारे में सविस्तार लिखिए।
18. अंकित मान तथा स्थानीय मान को समझाइए।
19. स्थानीय मान की अवधारणा को किस तरह सरल बनाया जा सकता है ? कुछ तरीके बताइए।
20. पूर्ववर्ती तथा परवर्ती संख्या से आप क्या समझते है ?
21. मापन के दौरान होने वाली गलतियों का सविस्तार वर्णन कीजिए।
22. किसी दी गई आकृति का क्षेत्रफल वर्ग गिनकर किस प्रकार ज्ञात किया जाता है ?
23. लम्बाई, भार, क्षेत्रफल, घनराशि की मानक इकाईयों की आवश्यकता के महत्व पर प्रकाश डालिए।
24. आप बच्चों को आयतन की समझ विकसित करते हुए सूत्रतक कैसे पहुचायेगें ?
25. ''जीवन के हर क्षेत्र में मापन की आवश्यकता है'', इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है ? स्पष्ट करें।

# Paper Code F – 8
## विषय– हिन्दी का शिक्षणशास्त्र – 1 (प्राथमिक स्तर)
## लघु उतरीय प्रश्न

1. हिन्दी शिक्षण की प्रकृति लिखें।
2. हिन्दी शिक्षण की आवश्यकताओं को स्पष्ट करें।
3. हिन्दी शिक्षण के महत्व स्पष्ट करे।
4. हिन्दी शिक्षण के प्राथमिक स्तर के उद्देश्यों को लिखें।
5. हिन्दी शिक्षण के प्रमुख विधियों का नाम लिखे।
6. हिन्दी शिक्षण में क्षेत्रिय भाषा की उपयोगिता लिखें।
7. पाठ्यचर्या की अवधारणा लिखें।
8. पाठ्यक्रम की अवधारणा स्पष्ट करें।
9. प्रश्नों के प्रकारों का नाम लिखें।
10. सस्वर वाचन की परिभाषा लिखें।
11. मौन पठन की उपयोगिता स्पष्ट करें।
12. स्क्रिप्ट रीडिंग की अवधारणा स्पष्ट करें।
13. स्कैन रीडिंग की परिभाषा लिखें।
14. वर्ण विधि का आशय स्पष्ट करें।
15. शब्द विधि से आप क्या समझते है ? वर्णन करें।
16. वाक्य विधि का दो उदाहरण लिखे ?
17. चित्र–वर्णन से आप क्या समझते है ?
18. सारांश लेखन की परिभाषा लिखें।
19. हिन्दी शिक्षण के कौशलात्मक उद्देश्यों को लिखें।
20. हिन्दी शिक्षण में प्रयोगशाला विधि की उपयोगिता लिखें।
21. द्रुत पठन का आशय स्पष्ट करें।
22. गहन पठन का अर्थ स्पष्ट करें।
23. सुनने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख करें।
24. पठन कौशल की उपयोगिता का वर्णन करें।
25. कक्षा सम्प्रेषण में हिन्दी भाषा की भूमिका का वर्णन करें।
26. आदर्श वाचन की परिभाषा लिखें।
27. अनुवाचन के दौरान अध्यापक के कार्यो का उल्लेख करें।
28. कविता शिक्षण के प्रमुख विधियों का वर्णन करें।
29. संप्रेषण के प्रकारों को लिखें।
30. क्षेत्रिय भाषा एवं मातृभाषा में अन्तर लिखें।

# दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. बच्चों की दुनिया में हिन्दी भाषा की आवश्यकता एवं महत्वों की व्याख्या करें।
2. NCF–2005 में हिन्दी भाषा के स्थान की व्याख्या करें।
3. BCF–2008 के आलोक में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्यों की व्याख्या करें।
4. प्राथमिक स्तर की हिन्दी पाठ्यपुस्तकों में अभ्यास प्रश्नों की प्रकृति का वर्णन करें।
5. हिन्दी भाषा के विभिन्न पहलुओं का ऑकलन करने के तरीकों की व्याख्या करे।
6. पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम के उद्देश्यों की व्याख्या करें।
7. व्याकरण शिक्षण में आगन–निगमन विधि की उपयोगिता लिखें।
8. हिन्दी शिक्षण में भाषा प्रयोगशाला के उपयोगिता की व्याख्या करें।
9. सुनने व बोलने को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करें।
10. पठन कौशल की चरण बद्ध प्रक्रिया का वर्णन करें।
11. लिपि पहचान कर पढ़ने एवं पढ़कर प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया का वर्णन करें।
12. पढ़ना सीखने – सिखाने की प्रक्रिया में बाल साहित्य की भूमिका का वर्णन करें।
13. पढ़ना सीखाने हेतु कौन–कौन सी गतितिधियों को किया जा सकता है ? सोदाहण व्याख्या करें।
14. कक्षा शिक्षण में कविताओं, कहानियों एवं बालगीतों के उपयोग से होने वाले लाभ एवं हानी की विवेचना करे।
15. अभिव्यक्ति क्षमता बढाने में अध्यापकों की भूमिका का वर्णन करें।
16. प्राथमिक स्तर की पाठ्यक्रम संरचना के सिद्धान्तों की व्याख्या करें।
17. द्रुतपठन एवं गहन पठन की तुलनात्मक विवेचना करें।
18. भाषा के प्रमुख कौशलों का वर्णन करते हुए उपयोगिता लिखें।
19. पठन एवं लेखन कौशलों की तुलनात्मक व्याख्या करें।
20. कक्षा शिक्षण में सूक्ष्म शिक्षण की उपयोगिता की व्याख्या करें।

# Paper Code - F – 9
# Subject- Proficiency In English
## Short answer type Questions

1. Show the important of English as an global language.
2. What is important of Teaching English in India?
3. Write the aims and purpose of teaching English.
4. What is the objective of Teaching English?
5. Describe the nature of English Language.
6. Write the characteristics of English Language.
7. Describe the audio - visual teaching aids.
8. Indicate the objectives of listening skill.
9. Describe the Functions of speaking.
10. Explain the difference between listening and speaking skills.
11. Write the causes of incorrect spelling.
12. Describe the types of reading.
13. Indicate the precautions of loud reading.
14. Indicate the precautions of silent reading.
15. Explain the intensive and extensive reading with examples.
16. Indicate the importance of teaching of writing.
17. What is vocabulary?
18. Discuss the words phrases or sentences that you use in your surrounding.
19. What is synonyms ? List some.
20. What is antonyms ?list some.
21. Define prefixes.
22. What is suffix? Discuss.
23. What is Grammar?
24. Write the merits of Grammar.
25. What is difference between listening and hearing ?Explain with example.
26. What should a teacher to do test the listing and speaking skills at different levels?
27. Who is a good reader? List some of the main features of a good reader.
28. Define stress and rhythm in your own words.
29. How English has become an associate official language in India? Write in the light of the constitution of India.
30. Define homophones with example.

# Long Answer Type Question

1. What are the aims and objectives of teaching English at different levels in India ?
2. Describe the main characteristics of English language and problems in teaching of English in India.
3. What is the position and status of English in global scenario ?
4. What is the present position of English teaching in Bihar schools ?
5. What is the importance of Teaching English in school curriculum ?
6. What is the place of the mother tongue in the teaching of English ?
7. Writhe brief history of English language in India ?
8. "India is a multilingual country". Explain it.
9. How skill of listening and speaking English can be developed ?
10. What are the two main kinds of English speech sounds ?
11. Describe the various methods of developing reading skill of English at Elementary level.
12. Discuss the ways of developing Writing skill.
13. What are the causes of Bad handwriting ? What methods can be adapted to improve handwriting ?
14. What are the aims of teaching spelling ? Discuss the devices you would adopt in teaching spelling.
15. Dictation is helpful in growing writing skills Explain.
16. Suggest ways you will adopt to improve the pronunciation of your learners.
17. What are the various ways and mean by which you can teach the meaning of difficult words ?
18. Define homophones. Give examples of some sets of homophones that you would like to teach your students ?
19. Define suffix with suitable examples. Make a list of words in nouns can be changed to adjective by using suffixes.
20. Discuss parts of speech. With example.
21. List of words used at home in school and in the market.
22. Explain the role and important of Grammar in language learning.
23. What is prescriptive approach ? Explain it.
24. Discuss the communicative approach for grammar teaching ? Explain it.
25. What do you understand by the Nation of correctness and nation of Appropriateness ? Explain it.

# Paper Code - F – 10

## विषय – पर्यावरण अध्ययन का शिक्षणशास्त्र

## लघु उतरीय प्रश्न

1. पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति लिखिए।
2. पर्यावरण अध्ययन की क्षेत्र लिखिए।
3. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण शिक्षण का उद्देश्य लिखिए।
4. पर्यावरण पर आपकी दृष्टिकोण क्या है ? संक्षेप में बताइए।
5. थीम प्रकरण के मित्र और आस पास के बारे मे संक्षेप में लिखें।
6. थीम प्रकरण आवास तथा जल के बारे में संक्षेप में बताए।
7. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 (NCF–2005) की रूपरेखा के संदर्भ मे पर्यावरण अध्ययन की संक्षेप में चर्चा करे।
8. बिहार पाठ्यचर्या 2008 (BCF–2008) की रूपरेखा के संदर्भ में पर्यावरण अध्ययन की संक्षेप में चर्चा करें।
9. स्थानीय परिवेश का बालक के विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
10. परिवार का बालक के विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है।
11. बच्चों के सवालों का बहुत अधिक महत्व क्यों है ?
12. बच्चो के परिवेश संबंधी ज्ञान तथा अनुभव को जानने के क्या तरीके है ? किन्ही चार तरीकों को बताइए।
13. पर्यावरण संरक्षण के क्या उद्देश्य है ?
14. पर्यावरण संरक्षण में परिवार की क्या भूमिका है ?
15. अधिगम योजना के क्या उद्देश्य है ?
16. शिक्षण विधि का क्या अर्थ है ?
17. शिक्षण विधि के उद्देश्य लिखिए।
18. परियोजना विधि क्या है ?
19. खोज विधि किसे कहते है ?
20. प्रयोग प्रदर्शन विधि का लाभ–दोष लिखिए।
21. विचार विमर्श विधि किसे कहते है ?
22. पर्यावरण शिक्षा के प्रसार में शिक्षक की भूमिका को बताएं।
23. खेल विधि पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
24. मूल्यांकन की अवधारणा से क्या तात्पर्य है ?
25. एक अच्छे मूल्यांकन की क्या विशेषताए है ?

## दीर्घ उतरीय प्रश्न

1. पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालें।
2. पर्यावरण अध्ययन से क्या अभिप्राय है ? पर्यावरण अध्ययन सम्प्रत्यय तथा इसके मुख्य घटकों पर प्रकाश डालें।
3. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा– 2005 पर टिप्पणी लिखिए।

4. थीम प्रकरण आधारित विषयवस्तु किस प्रकार विभिन्न अवधारणाओं को समझने में सहायक है। पाठ्य पुस्तक से उदाहरण देकर समझाइए।
5. बच्चों की अपनी समझ व व्याख्याएं होती है। सीखने सीखाने की प्रक्रिया में यह कैसे महत्वपूर्ण है ?
6. परिवेश का विविधता बच्चों को किस प्रकार सीखने में मद्द करती है ?
7. पर्यावरण संरक्षण को परिभाषित करें। पर्यावरणीय संरक्षण में विद्यालय की भूमिका पर चर्चा करें।
8. पर्यावरण शिक्षा के विकास हेतु किये जाने वाले प्रयास एवं शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालें।
9. कक्षा क्रियाकलापों की आयोजना और संगठन किस प्रकार किया जाए ?
10. पर्यावरण अध्ययन शिक्षण अधिगम में कक्षागत व कक्षा से बाहर की जा सकने वाली विभिन्न शिक्षण अधिगम विधियों की चर्चा करें।
11. अन्वेषण तथा प्रोजेक्ट विधियों का वर्णन करें।
12. प्राथमिक स्तर पर परियोजन कार्य करते समय किन किन चरणों को ध्यान में रखना आवश्यक है जिससे शिक्षार्थी उसे आसानी से कर सके।
13. परिभ्रमण प्रविधि का पर्यावरण अध्ययन में क्या अर्थ तथा महत्व है ?
14. पर्यावरण शिक्षा में प्रयुक्त होने वाली शिक्षण विधियों पर प्रकाश डालें।
15. सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को जीवत बनाने में कक्षा–कक्ष प्रक्रिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। आप अपने अनुभव से बताईए कि पर्यावरण अध्ययन की अच्छी कक्षा किसे कहेगे ?
16. गतिविधि किसे कहते है ? कक्षा–कक्ष और कक्षा से बाहर की जानेवाली गतिविधियों में अन्तर बताइए।
